गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतरिक्ष प्रदर्शनी का उद्घाटन, समापन आज

बिलासपुर। गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय डॉ. विक्रम साराभाई जन्म शताब्दी वर्ष कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह 16 दिसम्बर को सुबह 10.30 बजे रजत जयंती समारोह में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. प्रकाश चौहान, निदेशक, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिग, इसरो, देहरादून थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अंजिला गुप्ता ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. राजश्री बोथेल, महाप्रबंधक, आऊटरीच फेसिलिटी, एनआरएससी, हैदराबाद एवं डॉ. संजय अलंग जिलाधीश, उपस्थित थे।